जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही।

कार्यालय आदेश

माननीय उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या–29193/2022 कृष्ण कान्त सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांकित 29.11.2024 के अनुपालन में उ0प्र0 सिविल प्रक्रिया मध्यस्थता नियमावली 2021 के प्रस्तर–3(1) के अन्तर्गत उपबन्धित शर्तों के अधीन जनपद भदोही में मध्यस्थों के रिक्त पदों पर चयन हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी अधिसूचना दिनांकित 19.12.2024 के अनुक्रम में प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष आवेदकों को साक्षात्कार हेतु दिनांक 21.01.2025 को दोपहर 01:30 बजे से जनपद न्यायालय भदोही के सभागार कक्ष में आहूत किया जाता है।

सभी पात्र आवेदक उपरोक्त निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर साक्षात्कार में अपने समस्त मूल अभिलेखों के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। ऐसे आवेदक जो उपरोक्त निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होते हैं, को पृथक से पुनः साक्षात्कार का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। सभी आवेदक साक्षात्कार हेतु निर्धारित समय से 01 घण्टे पूर्व जनपद न्यायालय भदोही के सभागार कक्ष में उपस्थित हों।

17/01/2025

दिनांक–17.01.2025

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही।

प्रतिलिपि –

1. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को जिला न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
2. प्रभारी नाजरात अनुभाग को जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु।
3. अध्यक्ष जिला बार एशोसिएशन को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
4. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. जिला सूचना अधिकारी को जनपद भदोही के स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन कराये जाने हेतु।
6. समस्त आवेदकों को सूचना आवेदन पत्र में अंकित दूरभाष नं0 पर व्हाट्स एप के माध्यम से व ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने हेतु।